PT4/ANNUAL EXAMINATION, 2024-25

HINDI (CORE)

Time – 3 hrs. **Class – XI** **M.M. – 80**

Date - 17.02.2025 (Monday)

Name of the student _____ *Section* _____

खंड- 'क' (अपठित बोध)

प्र.1 निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए- (10)

जब बच्चा छोटा होता है तो वह पूर्णतया अपनी माँ पर निर्भर होता है। वह अपने हाथों का प्रयोग करना नहीं जानता, परंतु धीरे-धीरे वह हाथों का प्रयोग करना जान लेता है। वह अपने हाथों से चीजों को उठाकर खाने लगता है। इस प्रयोग से उसे परम आनंद आता है। शिशु की यह प्रसन्नता स्वावलंबन का आनंद है। ईश्वर ने हमें हाथ, पैर तथा मुँह इसलिए दिए हैं कि हम स्वावलंबी बनें तथा अपने आत्मविश्वास को जागृत करके मजबूत बने। पेड़-पौधों में भी आत्मनिर्भरता कूट-कूट कर भरी है। वे अपना भोजन स्वयं बनाते हैं। पेड़-पौधे न तो किसी के आगे सहायता के लिए हाथ फैलाते हैं और न ही दूसरों पर निर्भर रहते हैं। वे सूर्य से प्रकाश, चंद्रमा से रस तथा आकाश से जल प्राप्त कर स्वतः बढ़ते चले जाते हैं। इसी प्रकार पशु-पक्षी भी थोड़ा-सा बड़ा होने पर अपने भोजन की तलाश में निकल पड़ते हैं। यदि व्यक्ति स्वयं में आत्मविश्वास जागृत कर ले तो दुनिया में ऐसा कोई कार्य नहीं है जिसे वह न कर सके। सफलता स्वावलंबी मनुष्य के पैर छूती है। स्वयं में विश्वास करने वाला व्यक्ति जीवन के हर क्षेत्र में कामयाब होता जाता है। सफलता उसकी दासी बनकर रहती है। जिस व्यक्ति का स्वयं से विश्वास उठ गया, वह भला क्या कर पाएगा। इसके विपरीत जिस व्यक्ति में आत्मनिर्भरता है वह कभी किसी के सामने नहीं झुकेगा, वह जो करेगा सोच समझकर तथा धैर्य से करेगा। आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता से आत्मबल मिलता है,1 जिससे आत्मा का विकास होता है तथा मनुष्य श्रेष्ठ कार्यों की ओर प्रवृत्त्व होता है। मनुष्य का सबसे बड़ा गुण है आत्मनिर्भरता तथा सबसे बड़ा अवगुण है स्वावलंबन का अभाव।

1. छोटा बच्चा किस पर निर्भर होता है? **1**

   (क) दूध पर (ख) भाई- बहनों पर (ग) अपनी माँ पर (घ) पड़ोसियों पर

2. बच्चे को किस प्रयोग में आनंद आता है? **1**

   (क) खेलने में (ख) सोने में (ग) हाथों से चीज़ें उठाकर खाने में (घ) दूध पीने में

3. दुनिया का सभी कार्य हो सकता है- **1**

   (क) समय से सोकर उठने से (ख) धन होने से

   (ग) दूसरों की कृपा से (घ) स्वयं का आत्मविश्वास जगाने से

4. उपरोक्त गद्यांश के लिए उचित शीर्षक क्या होगा? **1**

   (क) मितव्ययता (ख) स्वावलंबन (ग) वैमनस्यता (घ) उत्कृष्टता

5. पशु -पक्षियों के जीवन से आप क्या सीखते हैं? **2**

6. स्वावलंबन जीवन के लिए क्यों ज़रूरी है? **2**

7. आत्मविश्वास तथा आत्मनिर्भरता से किन-किन गुणों का विकास होता है? **2**

प्र.2 निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर इसके आधार पर सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर लिखिए- **(8)**

कुछ काम करो, कुछ काम करो, जग में रहकर निज नाम करो।
यह जन्म हुआ किस अर्थ अहो! समझो जिसमें यह व्यर्थ न हो।
कुछ तो उपयुक्त करो तन को, नर हो, न निराश करो मन को।।
सँभलो कि सु-योग न जाए चला, कब व्यर्थ हुआ सदुपाय भला?
समझो जग को न निरा सपना, पथ आप प्रशस्त करो अपना।
अखिलेश्वर है अवलंबन को, नर हो, न निराश करो मन को।।
जब प्राप्त तुम्हें सच तत्व यहाँ, फिर जा सकता वह सत्व कहाँ?
तुम स्वत्व-सुधा-रस पान करो, उठ के अमरत्व-विधान करो।
देव-रूप रहो भव-कानन को, नर हो, न निराश करो मन को।।
निज गौरव का नित ज्ञान रहे, हम भी कुछ हैं-यह ध्यान रहे।
सब जाय अभी, पर मान रहे, मरणोत्तर गुंजित गान रहे।
कुछ हो, न तजो निज साधन को, नर हो, न निराश करो मन को।।

1) जग में किसका काम करना चाहिए ? **1**

(क) दूसरों का (ख) अपना (ग) माँ का (घ) बहन का

2) कवि ने किस रस का पान करने के लिए कहा हैं? **1**

(क) सोम (ख) स्वत्व-सुधा (ग) गरल (घ) इनमें से कोई नहीं

3) अपना पथ क्या करना चाहिए? **1**

(क) साफ (ख) काँटा हटाना (ग) प्रशस्त घ) अप्रशस्त

4) इस कविता का उचित शीर्षक लिखिए? **1**

5) तन को उपयुक्त बनाए रखने के क्या उपाय हैं? **2**

6) जग को निरा सपना क्यों नहीं समझना चाहिए? **2**

खंड – ख

प्र.3 निम्नलिखित विषयों में से <u>किसी एक</u> विषय पर लगभग 120 शब्दों में रचनात्मक लेख लिखिए- **(6x1=6)**

(i) विज्ञापनों की लुभावनी दुनिया
(ii) मेरा मनपसंद रियलिटी शो
(iii) ऑनलाइन शॉपिंग : समय की माँग

प्र.4 अपने मोहल्ले में वर्षा के कारण उत्पन्न हुई जल-भराव की समस्या की ओर ध्यान आकृष्ट कराने के लिए नगरपालिका के स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए। **(5x1=5)**

अथवा

सड़क पर गति-अवरोधकों (स्पीड ब्रेकर) के न होने के कारण आए दिन कोई-न-कोई दुर्घटना का शिकार हो जाता है। इस समस्या के समाधान हेतु किसी दैनिक समाचार-पत्र के संपादक को पत्र लिखिए।

प्र.5 (अ) निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से <u>किन्हीं चार</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- **(2x4=8)**

(i) इंटरनेट पत्रकारिता ने दुनिया को किस प्रकार समेट लिया है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।
(ii) संचार किसे कहते हैं?
(iii) विशेष रिपोर्ट कैसे लिखी जाती है?
(iv) रेडियो की दो विषेषताएँ लिखिए?
(v) ब्रेकिंग न्यूज़ किसे कहते हैं?

(ब) निम्नलिखित शब्दों को हिन्दी शब्दकोश के सही क्रम में लिखिए: **(3×1=3)**

आभूषण, अंकित, कौशलेन्द्र, क्षितिज,ज्ञानी, गंगा

खंड – ग

प्र.6 निम्नलिखित गद्यांश के प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए- **(1x 5 =5)**

उनके पिता अनुभवी व्यक्ति थे। समझाने लगे- बेटा घर की दुर्दशा देख रहे हो। ऋण के बोझ से दबे हुए हैं। लड़कियाँ हैं, वह घास-फूस की तरह बढ़ती चली जाती हैं। मैं कगारे पर का वृक्ष हो रहा हूँ, न मालूम कब गिर पड़े। अब तुम्हीं घर के मालिक-मुख्तार हो। नौकरी में ओहदे की ओर ध्यान मत देना, यह तो पीर की मज़ार है। निगाह चढ़ावे और चादर पर रखनी चाहिए। ऐसा काम ढूँढना जहाँ कुछ ऊपरी आय हो। मासिक वेतन तो पूर्णमासी का चाँद है, जो एक दिन दिखाई देता है और घटते-घटते लुप्त हो जाता है। ऊपरी आय बहता हुआ स्रोत है, जिससे सदैव प्यास बुझती है। वेतन मनुष्य देता है, इसी से उसमें वृद्धि नहीं होती। ऊपरी आमदनी ईश्वर देता है, इसी से उसकी बरकत होती है, तुम स्वयं विद्वान् हो, तुम्हें क्या समझाऊँ। इस विषय में विवेक की बड़ी आवश्यकता है। मनुष्य को देखो, उसकी आवश्यकता को देखो और अवसर को देखो, उसके उपरांत जो उचित समझो, करो। गरज़वाले आदमी के साथ कठोरता करने में लाभ-ही-लाभ है, लेकिन बेगरज़ को दाँव पर पाना जरा कठिन है। इन बातों को निगाह में बाँध लो। यह मेरी जन्मभर की कमाई है।

अ) 'नमक का दारोगा' पाठ के लेखक कौन है?

क) सत्यजीत राय ख) मन्नू भंडारी ग) मुंशी प्रेमचंद घ) शेखर जोशी

आ) मासिक वेतन किसका चाँद होता है?

क) पूर्णमासी का चाँद ख) अमावस्या का चाँद ग) ईद का चाँद घ) इनमें से कोई नहीं

इ) किस पद के लिए लोगों का मन ललचाता था?

(क) प्रोफेसर (ख) डॉक्टर (ग) दारोगा (घ) इनमें से कोई नहीं

ई) मैं कगारे पर का वृक्ष हो रहा हूँ, न मालूम कब गिर पड़े। यह कथन किसका था?

क) पंडित अलोपीदीन ख) वंशीधर के पिता ग) वंशीधर घ) प्रेमचंद

उ) ऊपरी आमदनी कौन देता है-

क) पंडित अलोपीदीन ख) ईश्वर ग) मालिक घ) मुंशी प्रेमचंद

प्र.7 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- **(3×2=6)**

(क) 'जामुन का पेड़' पाठ में सरकार के किन किन विभागों के नाम आए हैं ? उनके नाम लिखिए।

(ख) पाठ के आधार पर 'मियाँ नसीरुद्दीन' के व्यक्तित्व का वर्णन कीजिए।

(ग) रजनी की किन्हीं तीन विशेषताओं को पाठ के आधार पर लिखिए?

प्र.8 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो प्रश्नों</u> के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- **(2 x 2=4)**

(क) नमक विभाग के दरोगा पद के लिए बड़ों-बड़ों का जी ललचाता था। वर्तमान समाज में ऐसा कौन-सा पद होगा जिसे पाने के लिए लोग लालायित रहते होंगे और क्यों?

(ख) 'अपू के साथ ढाई साल' नामक संस्मरण के विषय में अपने विचार व्यक्त कीजिए।

(ग) 'विदाई संभाषण' पाठ के आधार पर बताइए कि लॉर्ड को उनके पद से स्तीफ़ा देकर क्यों जाना पड़ा?

प्र.9 निम्नलिखित पद्यांश के प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर उपयुक्त उत्तर वाले विकल्प को चुनकर लिखिए-

आज पानी गिर रहा है **(1x 5 =5)**

बहुत पानी गिर रहा है,

रात भर गिरता रहा है,
प्राण मन घिरता रहा है.
बहुत पानी गिर रहा हैं,
घर नज़र में तिर रहा है,
घर कि मुझसे दूर है जो,
घर खुशी का पूर है जो,

(i) इस कविता का क्या नाम है?
(क) घर की याद (ख) माँ की याद (ग) प्रेयसी की याद (घ) सभी

(ii) निम्नलिखित कथनों पर विचार करते हुए पद्यांश के अनुसार सही कथन को चयनित कर लिखिए-
(क) घनी बरसात के कारण कवि का हृदय पुरानी यादों में खो गया है।
(ख) घनी बरसात के कारण कवि का हृदय नई यादों में खो गया है।
(ग) घनी बरसात के कारण कवि का हृदय कठोर बन गया है।
(घ) घनी बरसात के कारण कवि का हृदय बेकार हो गया है।

(iii) कवि को जेल में रहते हुए किसकी याद आई ?
(क) आँगन की (ख) बहनों की (ग) चाचा की (घ) चाची की

(iv) निम्नलिखित कथन और कारण को ध्यानपूर्वक पढ़िए और सही विकल्प चुनकर लिखिए-
कथन (A) : प्राण मन घिरता रहा है।
कारण (R): प्राण का अर्थ साँस, श्वास और जान है।
(क) कथन (A) सही है, कारण (R) गलत है। (ख) कथन (A) सही नहीं है, कारण (R) सही है।
(ग) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं। (घ) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

(v) नज़र का समानार्थी है-
(क) दृष्टि (ख) काम (ग) इच्छा (घ) सम्मान

प्र.10 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 60 शब्दों में लिखिए- (3×2=6)

(क) कबीर की दृष्टि में ईश्वर एक है। इसके समर्थन में उन्होंने क्या तर्क दिए हैं ?
(ख) पानी के रात भर गिरने और प्राण- मन के घिरने में परस्पर क्या संबंध है?
(ग) 'आओ मिलकर बचाएं' कविता आदिवासी समाज की किन बुराइयों की ओर संकेत करती है?

प्र.11 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 40 शब्दों में लिखिए- (2 x 2=4)

(क) पाठ 'घर की याद' में कवि की मानसिक स्थिति कैसी हो गई थी और क्यों ?
(ख) कमीज़ ना होने पर लोग पाँवों से पेट क्यों ढँक लेते हैं?
(ग) कवि चंपा को पढ़ने के लिए किस प्रकार प्रेरित करता है?

प्र.12 निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से <u>किन्हीं दो</u> प्रश्नों के उत्तर लगभग 100 शब्दों में लिखिए- (5x 2 =10)

(क) संगीत जीवन में किस प्रकार लाभकारी होता है। विस्तार से लिखिए?
(ख) दिनों दिन बढ़ती पानी की समस्या से निपटने में 'राजस्थान की रजत बूँदे' पाठ आपकी कैसे मदद कर सकता है तथा देश के अन्य राज्यों में इसके लिए क्या उपाय हो रहे हैं। विचार करके लिखिए?
(ग) अपने परिवार से तातुश के घर तक के सफ़र में बेबी के सामने रिश्तों की कौन -सी सच्चाई उजागर होती है?